जेल प्रहरी भर्ती 2015 शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु सामान्य दिशा–निर्देश

1. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) का आयोजन दिनांक 20 अप्रेल 2018 से 27 अप्रेल 2018 के मध्य राजस्थान के तीन परीक्षा केन्द्रों यथा जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर, किया जायेगा।
2. शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन प्रातः तीन पारियों एवं सायं दो पारियों में किया जायेगा।
3. सुबह तीन पारियों का रिर्पोटिंग समय प्रथम पारी सुबह 4:30 बजे से 5:15 बजे तक, द्वितीय पारी सुबह 5:45 बजे से 6:30 बजे तक एवं तृतीय पारी सुबह 7:00 बजे से 7:45 बजे तक रहेगा।
4. महिला अभ्यार्थियों के PET का आयोजन सांयकालीन दो पारियों में किया जायेगा, जिनका रिर्पोटिंग समय प्रथम पारी सांय 4:30 बजे से 5:15 बजे तक एवं द्वितीय पारी सांय 5:30 बजे से 6:10 बजे रहेगा।
5. जेल प्रहरी पद हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा निम्नानुसार ली जायेगीः

(अ) पुरूष अभ्यार्थी	10 किमी दौड	अधिकतम 60 मिनट में
(ब) महिला अभ्यार्थी	5 किमी दौड	अधिकतम 35 मिनट में

6. जेल प्रहरी पद हेतु निर्धारित शारीरिक मापदंड

(अ) ऊचाईः	पुरूष अभ्यार्थी	: न्यूनतम 168 सेमी.
	महिला अभ्यार्थी	: न्यूनतम 152 सेमी.
(ब) सीना	केवल पुरूष अभ्यार्थी	: बिना फुलाए 81 सेमी. फुलाने पर 86 सेमी. (सीने का कम से कम फुलाव 5 सेमी.)
(स) वजन	केवल महिला अभ्यार्थी	: न्यूनतम 47.5 किग्रा

7. उपरोक्त वर्णित मानदण्डों में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को 5 सेमी तक की छूट देय है।
8. भूतपूर्व सैनिक शारीरिक दक्षता परीक्षा से मुक्त रहेंगे। उनके लिए नियमानुसार शारीरिक मापतौल अनिवार्य होगा।
9. अभ्यार्थियों को रिर्पोटिंग समय के उपरान्त किसी भी स्थिति में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा अर्थात यदि अभ्यार्थी की शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रथम पारी में आयोजित की जा रही है तो अभ्यार्थी को तय रिर्पोटिंग समय सुबह 4:30 बजे से 5:15 के मध्य अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र पर रिर्पोट करना होगा।
10. अभ्यार्थी परीक्षा के समय स्वयं के पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पेन कार्ड) की मूल प्रति एवं एक प्रतिलिपि आवश्यक रूप से साथ लेके आये।
11. पहचान पत्र की प्रतिलिपि के पीछे के तरफ अभ्यार्थी स्पष्ट अक्षरों में अपना रोल नम्बर, ऐपलिकेशन आई डी एवं वेबसाइट पर जारी योग्य अभ्यार्थियों की सूची में अपने नाम की क्रम संख्या आवश्यक रूप से अंकित करे।

12. जेल प्रहरी लिखित परीक्षा के समय जमा किये गये अभ्यार्थियों के पोस्टकार्ड आकर के फोटो का मिलान PET के दौरान किया जायेगा।
13. PET के लिए तिथि, स्थल और समय में परिवर्तन के लिए कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।
14. PET के लिए अभ्यार्थियों को उचित कपडों एवं जूतों में उपस्थित होने की सलाह दी जाती है।
15. अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान पर्याप्त सावधनी बरते ताकि वे स्वयं को या उनके आसपास के किसी अन्य व्यक्ति को चोट से बच सकें। PET के दौरान होने वाली किसी भी चोट या क्षति के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
16. PET के दौरान किसी भी अनुचित साधन का सहारा लेने, परीक्षा स्थल में गडबडी करने अथवा किसी प्रकार के दुर्व्यवहार की स्थिति में अभ्यार्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।
17. PET आयोजन स्थल पर समय से पहुचने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यार्थी की स्वयं की होगी। तय रिर्पोटिंग समय के पश्चात किसी भी अभ्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
18. परीक्षा स्थल पर किसी प्रकार के कीमती सामान, मोबाईल फोन या अन्य व्यक्तिगत सामान जैसे बैग, घड़ी इत्यादि की जिम्मेदारी अभ्यार्थी की स्वयं की होगी। परीक्षा स्थल पर कीमती सामान रखने की किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं रहेगी।

नोडल अधिकारी

जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2015